**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 1210**

**Series : SS/Annual Exam.-2024**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# व्यावसायिक अध्ययन

## BUSINESS STUDIES

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **34** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **34** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*



www.mseducationtv.com

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper, **no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***सामान्य निर्देश :***

***General Instructions :***

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में कुल **34** प्रश्न हैं। ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

This question paper contains **34** questions in all. ***All questions are compulsory***.

*(ii)* प्रश्न संख्या **1** से **20** तक 1 अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Question Nos. **1** to **20** are objective type questions of 1 mark each. Answer these questions as per instructions.

*(iii)* प्रश्न संख्या **21** से **24** तक 3 अंकों वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **50** से **75** शब्दों में दीजिए।

Question Nos. **21** to **24** are very short answer type questions of 3 marks each. Answer these questions in about **50** to **75** words each.



www.mseducationtv.com

*(iv)* प्रश्न संख्या **25** से **30** तक 4 अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए।

Question Nos. **25** to **30** are short answer type questions of 4 marks each. Answer these questions in about **150** words each.

*(v)* प्रश्न संख्या **31** से **34** तक 6 अंकों वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिए।

Question Nos. **31** to **34** are long answer type questions of 6 marks each. Answer these questions in about **200** words each.

*(vi)* कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे प्रश्नों में से आपको केवल ***एक*** ही प्रश्न करना है।

An internal choice is available in some questions. You have to attempt only ***one*** of the given choice in such questions.

*(vii)* प्रश्नों के सभी भागों को एक साथ हल करें।

Attempt all parts of the questions together.

**[ वस्तुनिष्ठ प्रश्न ]**

**[ Objective Type Questions ]**

***सही*** *विकल्प चुनिए :*

*Choose* ***correct*** *options :*

**1.** मनोज ने भारत टेक्सटाइल कंपनी के 100 अंश, 100 रुपये प्रति अंश की दर से खरीदे। कुछ समय बाद अंशों का बाजार मूल्य 120 रुपये हो जाता है। मनोज की, कंपनी में संपदा कितनी होगी ? 1

(A) 12,000 रुपये (B) 8,000 रुपये

(C) 10,000 रुपये (D) 10,120 रुपये



www.mseducationtv.com

Manoj buy 100 shares of Bharat Textile Company at the rate of Rs. 100 per share. After some time the market price of shares become Rs. 120 per share. What will be his wealth in the company ?

(A) Rs. 12,000 (B) Rs. 8,000

(C) Rs. 10,000 (D) Rs. 10,120

**2.** 'बाजार में फोटोस्टेट मशीनें आने से कार्बन पेपर व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ना', किस वातावरणीय घटक का परिणाम है ? 1

(A) आर्थिक (B) राजनैतिक

(C) तकनीकी (D) उपरोक्त सभी

'The adverse impact on the carbon paper business due to the arrival of photostate machines in the market', is the result of which environmental factor ?

(A) Economic (B) Political

(C) Technological (D) All of the above

**3.** अल्फा प्राइवेट लिमिटेड के विपणन प्रबंधक श्री दयाल जब निर्णय लेते हैं तब वह शीर्ष पर रखते हैं कि किस वस्तु का उत्पादन किया जाएगा, उसकी क्या विशेषताएँ होंगी और कितने मूल्य पर उसे बेचा जाएगा तथा वह वस्तु विक्रय के लिए कहाँ उपलब्ध कराई जाएगी। यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि ग्राहक क्या चाहते हैं ? माना ग्राहक कार में बच्चों के बैठने के लिए अलग से सीट चाहते हैं, तो निर्माता इसका ध्यान रखकर कार बनाएगा और उसका उतना मूल्य रखेगा जितना क्रेता देना चाहता है। उस विपणन दर्शन को पहचानिए जिसका श्री दयाल अनुसरण करते हैं : 1

(A) विपणन विचारधारा (B) बिक्री विचारधारा

(C) उत्पाद विचारधारा (D) उत्पादन विचारधारा



www.mseducationtv.com

When the marketing manager of Alpha Private Limited Mr. Dayal takes a decision, he keeps in mind that an item will be produced what its features will be, at what price it will be shipped and where that item will be made available for sale. It will all depend on what the customer wants. Suppose the customer wants a separate seat for children in the car, and then the manufacturer will make the car keeping this in mind and will price it as much as he wants to give. Identify the marketing philosophy which Mr. Dayal follows :

(A) Marketing Concept

(B) Selling Concept

(C) Product Concept

(D) Production Concept

**4.** ''कारखाने में धूम्रपान करना वर्जित है।'' यह योजना का कौन-सा प्रकार है ? 1

(A) नियम (B) नीतियाँ

(C) उद्देश्य (D) कार्यक्रम

"No Smoking in the Factory." Which type of plan is this ?

(A) Rules (B) Policies

(C) Objectives (D) Programme



www.mseducationtv.com

**5.** निर्देशन प्रबंध प्रक्रिया का ............. चरण है। 1

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) चौथा

Direction is the ............. stage of management process.

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

**6.** ''परिवर्तन बहुत जल्दी-जल्दी हो रहे हैं और भविष्य की भविष्यवाणी करना मुश्किल है।'' व्यावसायिक वातावरण की किस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है ? 1

(A) अनिश्चितता (B) जटिलता

(C) अंतर-संबद्धता (D) सापेक्षता

Which characteristic of the business environment is highlighted when changes are taking place too frequently and it becomes difficult to predict the future ?

(A) Uncertainty (B) Complexity

(C) Inter-relatedness (D) Relativity

**7.** यदि चालू संपत्तियाँ 5,00,000 रुपये और चालू दायित्व 3,50,000 रुपये हों, तो शुद्ध कार्यशील पूँजी की राशि होगी : 1

(A) 5,00,000 रुपये (B) 3,50,000 रुपये

(C) 1,50,000 रुपये (D) 8,50,000 रुपये



www.mseducationtv.com

If current assets are Rs. 5,00,000 and current liabilities are Rs. 3,50,000, then the amount of net working capital will be :

(A) Rs. 5,00,000 (B) Rs. 3,50,000

(C) Rs. 1,50,000 (D) Rs. 8,50,000

**8.** चयन प्रक्रिया का दूसरा चरण कौन-सा है ? 1

(A) प्राथमिक जाँच

(B) चयन परीक्षाएँ

(C) पद प्रस्ताव

(D) चयन निर्णय

Which is the second stage of the selection process ?

(A) Preliminary Screening

(B) Selection Tests

(C) Post Proposal

(D) Selection Decision



www.mseducationtv.com

*निम्नलिखित प्रश्नों (**9** व **10**) में **दो** कथन दिये गये हैं : **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)**। कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन कीजिए :*

*The questions below (**9** & **10**) consists of two statements : **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read the statements carefully and choose the **correct** option given below :*

**9.** **अभिकथन (A) :** नियंत्रण की आवश्यकता केवल व्यावसायिक संगठनों में होती है। 1

**कारण (R) :** नियंत्रण एक सर्वव्यापी कार्य नहीं है।

***विकल्प :***

(A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों असत्य हैं।

**Assertion (A) :** Control is needed only in business organizations.

**Reason (R) :** Controlling is not a pervasive function.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) and Reason (R) both are false.



www.mseducationtv.com

**10. अभिकथन (A) :** किसी भी व्यवसाय के दीर्घकालीन विनियोग निर्णय बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं। 1

**कारण (R) :** दीर्घकालीन विनियोग निर्णय दीर्घकाल में व्यवसाय की लाभदायक क्षमता को प्रभावित करते हैं।

*विकल्प :*

(A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों असत्य हैं।

**Assertion (A) :** Long term investment decisions are very important for any business.

**Reason (R) :** Long term investment decisions affect the profitability of the business in the long run.

***Option :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) and Reason (R) both are false.



www.mseducationtv.com

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक** या **दो** शब्दों/वाक्यों में दीजिए :*

*The answer of each question may be given in **one** or **two** words/sentences :*

**11.** पैकेजिंग के कितने स्तर होते हैं ? 1

How many levels of packaging ?

**12.** आभूषण की गुणवत्ता को जाँचने के लिए किस प्रमाप को ध्यान में रखना चाहिए ? 1

Which standard should be used to judge the quality of jewellary ?

**13.** प्रबंध के किस स्तर पर नीतियाँ बनाई जाती हैं ? 1

At which level of management policies are made ?

*रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिये गये **उचित** शब्द द्वारा करें :*

*Fill in the blanks by **appropriate** word given in brackets :*

**14.** ऋण समता अनुपात के बारे में निर्णय लेते समय सामान्यतः अंशों की तुलना में ............. सस्ते माने जाते हैं। (ऋण पत्र/बाण्ड) 1

While deciding about debt equity ratio, generally ............. are considered to be cheaper than shares. (Debentures/Bonds)



www.mseducationtv.com

**15.** राज्य कमीशन में ............. तक के मूल्य के विवादों से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाता है।

(5 करोड़/10 करोड़) 1

Complaints relating to dispute worth up to ............. are resolved in the State Commission. (5 crore/10 crore)

**16.** ............. ज्ञान का एक क्रमबद्ध समूह है और इसकी वैधता सार्वभौमिक है। (विज्ञान/कला) 1

............ is a systematic body of knowledge and its validity is universal.

(Science/Art)

**17.** भारत सरकार ने ............. नवम्बर, 2016 को एक घोषणा की थी जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ा। (8/18) 1

The Government of India made an announcement on ............. November, 2016 which had a deep impact on the Indian economy. (8/18)

*निम्नलिखित कथन **सही** हैं या **गलत**, बताएँ :*

*State the following statements are **True** or **False** :*

**18.** व्यावसायिक वातावरण की विशेष शक्तियों में निवेशक, ग्राहक, प्रतियोगी एवं पूर्तिकर्ता सम्मिलित होते हैं।

*(सही/ गलत)* 1

Special Forces of the business environment include investors, customers, competitors and suppliers. *(True/False)*



www.mseducationtv.com

**19.** प्रचार, संवर्धन का भुगतान किए जाने वाला प्रारूप है। *(सही/ गलत)* 1

Publicity is the paid form of promotion. *(True/False)*

**20.** 'भवन का किराया' स्थायी वित्तीय लागतों का एक उदाहरण है। *(सही/ गलत)* 1

'Building Rent' is an example of fixed financial costs. *(True/False)*

**[ अतिलघु उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Very Short Answer Type Questions ]**

**21.** समता पर व्यापार को एक उदाहरण की सहायता से समझाइए। 3

Explain the term Trading on Equity with the help of an example.

**22.** अधिकार अंतरण के तत्त्वों का संक्षेप में वर्णन करें। 3

Briefly explain the elements of Delegation of Authority.

**23.** उदाहरण की सहायता से वित्तीय प्रोत्साहन को समझाइए। 3

Describe Financial Incentives with the help of example.

**अथवा**

**OR**

उदाहरण की सहायता से गैर-वित्तीय प्रोत्साहन को समझाइए।

Describe Non-financial Incentives with the help of example.



www.mseducationtv.com

**24.** "विज्ञापन के लिए भुगतान करना लाभदायक है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। 3

"It is profitable to pay for advertising." Do you agree with this statement ? Give reasons in support of your answer.

**अथवा**

**OR**

विक्रय संवर्धन के ***तीन*** उदाहरण दीजिए।

Give ***three*** examples of Sales Promotion.

**[ लघु उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Short Answer Type Questions ]**

**25.** संप्रेषण की बाधाओं को दूर करने के उपायों पर चर्चा करें। 4

Discuss the measures to overcome the barriers of Communication.

**26.** संगठन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए। 4

Explain in detail the process of organizing.



www.mseducationtv.com

**27.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार, उपभोक्ताओं को उपलब्ध कोई ***चार*** राहत को समझाइए। 4

Explain any ***four*** remedies available to consumers under Consumer Protection Act, 2019.

**28.** नियंत्रण की विशेषताओं की व्याख्या करें। 4

Explain features of controlling.

**29.** 'कार्यशील पूँजी' को प्रभावित करने वाले तत्त्वों का वर्णन करें। 4

Discuss the factors affecting requirement of 'working capital'.

**अथवा**

**OR**

'स्थायी पूँजी' को प्रभावित करने वाले तत्त्वों का वर्णन करें।

Discuss the factors which affecting requirement of 'Fixed Capital'.

**30.** प्रबंध के कार्यों का वर्णन करें। 4

Explain functions of Management.

**अथवा**

**OR**

प्रबंध के उद्देश्यों को समझाइए।

Explain objectives of Management.



www.mseducationtv.com

**[ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Long Answer Type Questions ]**

**31.** भर्त्ती के ***तीन*** आंतरिक व ***तीन*** बाह्य स्त्रोतों का वर्णन करें। 6

Explain ***three*** internal and ***three*** external sources of Recruitment.

**32.** विपणन मिश्रण के तत्त्वों की चर्चा करें। 6

Discuss the elements of Marketing Mix.

**33.** नियोजन से क्या तात्पर्य है ? इसके महत्त्व को समझाइये। 6

What is meant by Planning ? Explain its importance.

**अथवा**

**OR**

''नियोजन व्यवसाय की सफलता की गारंटी नहीं है।'' इस कथन के सन्दर्भ में नियोजन की कोई ***छः*** सीमाएँ बताइए।

"Planning is not a guarantee of success in a business." Explain any ***six*** limitations of planning in light of this statement.

**34.** वैज्ञानिक प्रबंध से आप क्या समझते हैं ? वैज्ञानिक प्रबंध के सिद्धान्तों को समझाइए। 6

What do you mean by Scientific Management ? Discuss principles of Scientific Management.



www.mseducationtv.com

**अथवा**

**OR**

हेनरी फेयोल द्वारा दिए गए प्रबंध के निम्नलिखित सिद्धान्तों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(a) आदेश की एकता

(b) सोपान शृंखला

(c) निर्देश की एकता

Briefly explain following principles of management given by Henry Fayol :

(a) Unity of Command

(b) Scalar Chain

(c) Unity of Direction



www.mseducationtv.com